25.11.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- देश में पहली बार आयोजित –आईसीए–वैश्विक सहकारी सम्मेलन का प्रधानमंत्री ने नईदिल्ली में किया उद्घाटन।
- संविधान दिवस के अवसर पर कल संसद में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन, प्रदेश में भी होंगे कई कार्यक्रम।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ नई चेतना अभियान के तीसरे संस्करण का शुभारंभ।
- महिला सुरक्षा के लिए हम होंगे कामयाब अभियान की प्रदेश में हुई शुरूआत।

**प्रधानमंत्री-सहकारिता सम्मेलन**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन- आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप-प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी इस सम्मेलन में भागीदारी कर रहे हैं। भारत मंडपम के छह दिवसीय सम्मेलन में कार्यक्रमों और चर्चाओं की एक श्रृंखला में विश्वभर की सहकारी समितियां एक मंच पर एकत्र होंगी। यह सम्मेलन समेकित, शान्तिपूर्ण और सभी के लिए समृद्ध भविष्य निर्मित करने में सहकारी समितियों की भूमिका तलाशेगा। इस सम्मेलन का विषय सहकारिता से सभी के लिए समृद्धि का निर्माण है।**

**संविधान दिवस**

**केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में कल से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगा। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। श्री रिजिजू ने कहा कि यह केवल संसद का नहीं**

बल्कि पूरे देश का उत्सव है। संसदीय कार्य मंत्री ने लोगों से इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। यह समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम विड़ला ने संविधान दिवस के अवसर पर कहा कि हमें संविधान सभा में हुई चर्चा और विचार विमर्श से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

**संविधान दिवस-**प्रदेश

राज्यपाल मंगुभाई पटेल की उपस्थिति में कल रवीन्द्र भवन भोपाल में प्रात: 11 बजे राज्य-स्तरीय "संविधान दिवस" कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश की विविध विभूतियों का स्मरण किया जाएगा। इसमें संविधान निर्माण सम्बंधी प्रदर्शनी लगाई जाएगी और संविधान संबंधी लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। भोपाल में "संविधान दिवस पदयात्रा" निकली जाएगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग बताया कि यह यात्रा शौर्य स्मारक से शुरू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस, 26 नवम्बर के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जो संविधान हमें दिया है, उसे जनता तक पहुंचाने के लिए संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।
संविधान ने भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, यही कारण है कि इस पावन अवसर के पूर्व संध्या पर राजधानी भोपाल की महिलाओं ने संविधान गीत की कुछ पंक्तियों को गुनगुनाया।

**नयी चेतना 3.0 अभियान**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान, 'नई चेतना-पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भी कार्यक्रम में शामिल हुई। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान

में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित यह अभियान 23 दिसंबर 2024 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलेगा।

श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि महिला को पूरी तरह से सशक्त करना है तो महिला का सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिरण राजनीतिक सशक्तिकरण और शैक्षिक सशक्तिरण करना ही होगा।

## हम होंगे क़ामयाब

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आज का ज़माना सोशल मीडिया का है ,इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। सुश्री भूरिया आज भोपाल में "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़े के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का भी प्रसारण किया गया। उन्होंने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रदेश में आज से 10 दिसंबर तक "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## हम होंगे कामयाब - जिला

जिला स्तर पर भी हम होंगे कामयाब अभियान की आज से शुरुआत हुई। धार में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये ''हम होंगे कामयाब'' पखवाड़ा जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज धार में किया गया । इस अवसर पर जिले की समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ताएं मौजूद थी। सीहोर जिले में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है | कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर अभियान के तहत निर्धारित गतिविधयां का सफल क्रियानवायन किया जाए।

**<u>मुख्यमंत्री यादव</u>**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने यूके दौरे के पहले दिन आज भारतीय उच्चायोग, लंदन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास, तकनीकी सहयोग और वैश्विक निवेश को लेकर प्रदेश की योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेशकों को प्रदेश के विकास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत लंदन से हो रही है।**

**<u>फिल्मोत्सव</u>**

**भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में आज क्षेत्रीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आकाशवाणी से बातचीत में कन्नड़ फिल्म केरेबेटे के अभिनेता और निर्माता गौरी शंकर एसआरजी ने क्षेत्रीय सिनेमा का जिक्र करते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय संस्कृति की गहराइयों को प्रदर्शित करती है।**

**भारतीय पैनोरमा की एक अन्य फीचर फिल्म और एनिमेटेड प्रोडक्शन महावतार नरसिम्हा के निर्देशक अश्विन कुमार ने अपनी फिल्म के चयन के लिए आभार व्यक्त किया। महोत्सव में आज लगभग 75 फिल्में दिखाई जा रही हैं।**